मेंटोर वो होता है जो सीजन के बीच में दो हफ्ते मालदीव चला जाता है। राहुल की इस बात पर वहां मौजूद सभी लोग यहां तक कि पीटरसन भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए। - **केएल राहुल**

भारतीय क्रिकेटर, पीटरसन के व्यक्तिगत यात्रा पर मालदीव चले जाने पर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — **जोस बटलर**

जोस बटलर के 97 रन की मदद से गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हरा दिया। गुजरात ने सीजन में 5वीं जीत दर्ज की, वहीं दिल्ली को दूसरी ही हार मिली। प्रसिद्ध कृष्णा ने 4 विकेट लिए। बटलर ने शेरफन रदरफोर्ड के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप भी की। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुक्रवार को गुजरात ने बॉलिंग चुनी। दिल्ली ने 8 विकेट खोकर 203 रन बनाए। गुजरात ने 3 ही विकेट के नुकसान पर 20वें ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। 97 रन बनाने वाले बटलर को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया।

क्या आप जानते हैं ?... एक भारतीय फुटबॉलर मुहम्मद शालेल ने 30 सेकेंड में 10 नटमेग बनाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।

लखनऊ ने राजस्थान को 2 रन से हराया

आवेश खान ने आखिरी ओवर में 9 रन डिफेंड किए, मार्करम-बडोनी की फिफ्टी

जयपुर, 19 अप्रैल। लखनऊ सुपरजायंट्स ने राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल के रोमांचक मुकाबले में 2 रन से हरा दिया। आवेश खान ने 20वें ओवर में 9 रन डिफेंड किए ओर लखनऊ को जीत दिलाई। आवेश ने 3 विकेट लिए। ऐडन मार्करम और आयुष बडोनी दोनों ने फिफ्टी लगाई। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में लखनऊ ने बैटिंग चुनी। लखनऊ ने 5 विकेट खोकर 180 रन बनाए। जवाब में राजस्थान 5 विकेट के नुकसान पर 178 रन ही बना सकी। यशस्वी जायसवाल ने 74 रन बनाए। वनिंदू हसरंगा को 2 विकेट मिले।

राजस्थान रॉयल्स को आखिरी ओवर में 9 रन बनाने थे। टीम से ध्रुव जुरेल और शिमरोन हेटमायर पिच पर थे। आवेश पहली गेंद पर 1 और दूसरी गेंद पर 2 रन दिए। उन्होंने तीसरी गेंद पर हेटमायर को कैच करा दिया। चौथी गेंद डॉट रही। आवेश ने फिर पांचवीं गेंद पर 2 रन दिए। आखिरी गेंद पर 4 रन चाहिए थे, आवेश ने 1 ही रन दिया और अपनी टीम को 2 रन से मैच जिता दिया।

20वें ओवर में शिमरोन हेटमायर आउट हो गए। आवेश खान ने उन्हें कैच कराया। हेटमायर ने 12 रन बनाए। 18वें ओवर में राजस्थान ने 2 विकेट गंवाए। ओवर की पहली गेंद आवेश खान ने यॉर्कर फेंकी, यशस्वी जायसवाल बोल्ड हो गए। उन्होंने 74 रन बनाए। ओवर की आखिरी गेंद आवेश ने फिर यॉर्कर फेंकी, गेंद रियान पराग के पैड्स पर लगी। लखनऊ ने अपील की और अंपायर ने का फैसला दे दिया।

राजस्थान ने 10वें ओवर में दूसरा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की आखिरी बॉल शार्दूल ठाकुर ने बाउंसर फेंकी, नीतीश राणा लॉन्ग लेग पर कैच हो गए। राणा ने 7 गेंद पर 8 रन बनाए। सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले 14 साल के वैभव सूर्यवंशी 34 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें 9वें ओवर में ऐडन मार्करम ने स्टंपिंग कराया। उन्होंने यशस्वी जायसवाल के साथ 85 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। यशस्वी जायसवाल ने 9वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने ऐडन मार्करम के खिलाफ सिंगल लिया और 31 गेंद पर अपनी हाफ सेंचुरी पूरी कर ली।

181 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स ने पावरप्ले में तेज शुरुआत की। टीम ने 6 ओवर के बाद बगैर विकेट गंवाए 61 रन बना लिए। राजस्थान रॉयल्स ने 5वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली। यशस्वी जायसवाल ने ओवर की तीसरी गेंद पर छक्का लगाया और टीम की हाफ सेंचुरी पूरी करा दी। राजस्थान ने वैभव सूर्यवंशी को इम्पैक्ट प्लेयर बनाकर ओपनिंग करने भेजा। उन्होंने अपने करियर की पहली ही गेंद पर शार्दूल ठाकुर के खिलाफ छक्का लगा दिया।

वैभव के साथ यशस्वी जायसवाल भी पिच पर मौजूद रहे। राजस्थान ने पहले ओवर में 13 रन बनाए।अब्दुल समद ने 10 गेंद पर 30 रन बनाकर लखनऊ को 180 रन तक पहुंचाया। उन्होंने आखिरी ओवर में संदीप शर्मा के खिलाफ 4 छक्के लगाए। समद ने आखिरी ओवर में 27 रन बटोरे। ऐडन मार्करम ने 66 और आयुष बडोनी ने 50 रन बनाए। राजस्थान से वनिंदू हसरंगा ने 2 विकेट लिए।

पांचवीं राजस्थान पुरुष फुटबाल लीग

एएसएल फुटबाल क्लब ने दी रॉयल फुटबाल क्लब को 2-1 से शिकस्त

जयपुर, 19 अप्रैल। जयपुर इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट ग्राउंड गाड़ोता और रॉयल फुटबॉल क्लब ग्राउंड व मानसरोवर जयपुर में मैच खेले गए राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव श्री दिलीप सिंह शेखावत जी ने बताया कि आज के दिन 5 मैच खेले गए जिसमें सभी टीमों ने उत्कर्ष प्रदर्शन किया। 110 मैचों में से आज तक 30 खेले जा चुके है। **आज रॉयल फुटबाल क्लब के मैदान में खेले गए मैच**

प्रथम मैच :- रॉयल फुटबाल क्लब और ए एस एल फुटबाल क्लब के बीच खेला गया ए एस एल क्लब ने मैच 2/1 से जीता।

दूसरा मैच रीयल फुटबॉल क्लब और सनराइज फुटबाल क्लब के बीच खेला गया रोमांच भरे मैच में दोनों ही टीमों ने शानदार खेल खेला पहला हॉफ में दोनों टीमें 2/0 पर रहा दूसरे हॉफ सनराइज ने आक्रामक खेल खेला 5/1 से रीयल जयपुर को शिकस्त दी।

आज ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब ग्राउंड गाड़ोता के मैदान में खेले गए मैच तीसरा मैच :- में ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब और राइजिंग जयपुर फुटबाल क्लब सीकर के बीच खेला गया मैच में ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबाल क्लब ने मैच में 3/1 से जीता।

चौथा मैच : राजस्थान राइजिंग फुटबाल क्लब ओर जेरथी फुटबाल क्लब के बीच खेला गया मैच 2/1 से राइजिंग राजस्थान विजय रहा दोनों टीमों ने शानदार खेल खेला।

पांचवा मैच : सिटी वाल्स फुटबाल क्लब ओर जयपुर एलीट के बीच खेला गया मैच 5/0 से जयपुर एलीट को विजय रहा।

अल्फा एकेडमी की एकतरफा जीत में रामनिवास गोलाड़ा की आतिशी पारी

जयपुर, 19 अप्रैल। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज नारायणा क्रिकेट ग्राउण्ड सिरसी ग्राम, पर खेले गये पूल-डी के मैच में रामनिवास गोलाड़ा 89 रन (45 गेंद, 9 चौके, 6 छक्के), प्रेम

पालीवाल 68 रन नाबाद (38 गेंद, 7 चौके, 4 छक्के), के शानदार अद्धर्शतकों व विनय आमेरिया 4 ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत अल्फा क्रिकेट एकेडमी ने कियान क्रिकेट एकेडमी को 131 रन से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर अल्फा क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये रामनिवास गोलाड़ा 89 रन, प्रेम पालीवाल 68 रन, दिच्याशु गौसिंघा 35 रन, भगवत सिंह 13 रन नाबाद की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 254 रन बनायें। गेंदबाजी में कियान एकेडमी की ओर से लवित्त गुप्ता 38 रन पर 2 विकेट, कार्तिकेय शेखायत व बन्टी प्रत्येक 1-1 चिकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। जबाबी पारी में कियान एकेडमी भव्य 42 रन नाबाद, दिलखुश 36 रन, कार्तिकेय शेखावत 12 रन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज अल्फा एकेडमी के गेंदबाजों विनय आमेरिया 4 ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट, राजकुमार सैनी के रन देकर 2 विकेट, अंकित पंचार 32 रन पर 2 विकेट तथा रामनिवास गोलाडा व डी सैनी प्रत्येक 1-1 विकेट की शानदार गेंदबाजी के आगे कियान एकेडमी की पुरी टीम 17.2 ओवर में 123 रन बनाकर सिमट गई। मैन ऑफ दा मैच रामनिवास गोलाड़ा 89 रन (45 गेंद, 9 चौके, 6 छक्के) अल्फा क्रिकेट एकेडमी रहे।

डॉ. रवि व डॉ. आदेश पहुंचे सेमीफाइनल में

जयपुर, 19 अप्रैल। प्रियंका हॉस्पीटल डीपीटीएल सीजन 5 के लीग पैट्रन डॉ संदीप निझावन ने बताया कि 20 अप्रैल तक चलने वाली प्रतियोगिता में खिलाड़ी कड़ी प्रतिस्पर्धा में जीतकर क्वार्टर फाइनल व सेमीफ़ाइनल में पहुँच रहे है । लीग चेयरमैन डॉ जयंत सेन व लीग सेक्रेटरी डॉ अनिल यादव ने बताया कि डबल्स मैचेज में डॉ अजीत -डॉ ओम ने डॉ अनिल -डॉ अंकुर को 5-0 से ,डॉ कपिल -डॉ जयंत ने डॉ भूपेन्द्र -डॉ आर के कजला को 6-4 से हराया। लीग को चेयरमैन डॉ हरीश भारद्वाज ने बताया कि सिंगल्स मैचेज में डॉ कपिल जिंदल ने डॉ जीत सिंह को 13-11 से व डॉ रमेश टैंगर ने आर के कजला को 13-10 से हराया । लीग कॉर्डिनेटर डॉ सुधांशु शर्मा ने बताया कि 40-50 आयु वर्ग में डॉ रवि सभरवाल ने डॉ आदित्य पेरीवाल को 6-3 से व डॉ आदेश ने डॉ मुरली को 6-2 से हराया।

पाकिस्तान की टीम आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्वकप के लिए भारत नहीं जाएगी

नई दिल्ली, 19 अप्रैल। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी महिला टीम इस साल के आखिर में होने वाले आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप के लिए भारत नहीं जाएगी और इस साल की शुरुआत में स्वीकार किए गए हाइब्रिड मॉडल का पालन करते हुए अपने मैच किसी तटस्थ स्थल पर खेलेगी।

हाल ही में जब पाकिस्तान ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी तो भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव के कारण भारतीय टीम को सीमा पार भेजने से इनकार कर दिया था और उनके मैच दुबई में खेले गए थे। हाइब्रिड मॉडल पर सहमति बनी थी जिसके तहत भारत और पाकिस्तान के आईसीसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने की स्थिति में दोनों को अपने मैच तटस्थ स्थल पर खेलने की अनुमति होगी।

नकवी ने कहा, ''जैसे भारत चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान में नहीं खेला था और उसे तटस्थ स्थल पर खेलने की अनुमति दी गई थी, वैसे ही जो भी स्थल तय होगा हम वहां खेलेंगे। जब कोई समझौता होता है तो उसका पालन करना होता है।'' पीसीबी प्रमुख ने कहा कि टूर्नामेंट के मेजबान होने के नाते भारत और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद तटस्थ स्थल पर फैसला करेंगे। भारत 29 सितंबर से 26 अक्टूबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा जिसमें ऑस्ट्रेलिया गत विजेता है। नकवी ने पाकिस्तान की महिला टीम के विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के प्रभावशाली तरीके पर भी संतोष व्यक्त किया। लाहौर में आयोजित क्वालीफायर में पाकिस्तान ने अपने सभी पांच मैच जीते। उन्होंने आयरलैंड, स्कॉटलैंड, वेस्टइंडीज, थाईलैंड और बांग्लादेश को हराकर मुख्य दौर के लिए आसानी से क्वालीफाई किया जिसके लिए मेजबान भारत, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं।

नकवी ने कहा, ''टीम ने दिखाया कि घरेलू परिस्थितियों का फायदा कैसे उठाया जाए और एक इकाई की तरह कैसे खेला जाए। मुझे खुशी है कि महिला क्रिकेट टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है।'' उन्होंने कहा कि पीसीबी निश्चित रूप से महिला टीम के लिए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए विशेष पुरस्कार की घोषणा करेगा। नकवी ने यह भी कहा कि उन्हें खुशी है कि पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी के बाद एक और आईसीसी प्रतियोगिता की सफलतापूर्वक मेजबानी की।

बीसीसीआई ने निकाला केकेआर ने अपनाया, आईपीएल में लौटे नायर

नई दिल्ली, 19 अप्रैल। अभिषेक नायर की आईपीएल में वापसी हुई है। वह केकेआर के सपोर्ट स्टाफ में शामिल हो गए हैं। नायर पहले केकेआर के लिए काम कर चुके हैं और एकेडमी में नए खिलाड़ियों को तैयार करने में मुख्य भूमिका निभा रहे थे। आईपीएल 2024 के दौरान वह टीम के साथ थे, जब श्रेयस अय्यर कीकप्तानी में टीम चैंपियन बनी थी। भारतीय टीम के सहायक कोच के पद से हटाए जाने के कुछ दिनों बाद ही अभिषेक नायर की आईपीएल में वापसी हुई है। वह केकेआर के सपोर्ट स्टाफ में शामिल हो गए हैं। नायर पहले केकेआर के लिए काम कर चुके हैं और एकेडमी में नए खिलाड़ियों को तैयार करने में मुख्य भूमिका निभा रहे थे। आईपीएल 2024 के दौरान वह टीम के साथ थे, जब श्रेयस अय्यर कीकप्तानी में टीम चैंपियन बनी थी।द इंडियन एक्सप्रेस ने पहले जानकारी दी थी घरेलू सरजमीं और विदेश में टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजों की लगातार विफलताओं ने नायर की भूमिका पर सवाल खड़े किए हैं। जानकारी के अनुसार ऑस्ट्रेलिया दौरे के तुरंत बाद आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान टीम प्रबंधन में कई लोगों ने नायर की भूमिका पर सवाल उठाए थे। जबकिखिलाड़ियों से भी प्रतिक्रिया मांगी गई थी। ये पहला मामला है जब बीसीसीआई ने मुख्य कोच द्वारा चुने गए किसी सहयोगी स्टाफ के अनुबंध को समाप्त करने का कदम उठाया है। बीसीसीआई ने सपोर्ट स्टाफ के सदस्यों अभिषेक नायर और फील्डिंग कोच टी दिलीप और कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई को हटा दिया है। इंग्लैंड दौरे पर जाने से पहले भारतीय टीम के पास एक नया मालिशिया होगा। बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में हुई हार की समीक्षा के बाद बोर्ड के पदाधिकारियों ने ये फैसले लिए।

परशुराम प्रीमियर लीग 2025 सीजन 5

गैस त्रासदी के लाइव सेवर का किया सम्मान

ब्यावर, 19 अप्रैल। परशुराम जन्मोत्सव आयोजन समिति 2025 के संयोजक मनोज जी शर्मा के मार्गदर्शन में हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों में खेलकूद प्रतियोगिता प्रभारी जसराज शर्मा और भुवनेश शर्मा ने बताया कि 18-20 तारीख को परशुराम प्रीमियर लीग का आगाज हुआ जिसमें एक अनूठी पहल ब्राह्मण समाज द्वारा की गई। हाल ही हुई गैस त्रासदी कांड में जो लाइफ सेवर्स थे उनका सम्मान किया और युवाओं को प्रोत्साहित किया। सम्मान पुलिस उपाधीक्षक राजेश कसाना, निवर्तमान पार्षद हंसराज शर्मा, फायर फाइटर ताराचंद भट्ट, विक्की राठौड़, लाल सिंह और अग्निशमन विभाग के होनहार व जांबाज सिपाहियों का प्रशस्ति पत्र व दुपट्टा पहना कर एवं परशुराम जी की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया।

सौम्या करेगी इंडिया का प्रतिनिधित्व

सवाई माधोपुर, 19 अप्रैल। जयपुर की 11 वर्षिय सौम्या चौधरी ने अंडर 12 कैटेगिरी में अंतर्राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी बनकर अपने परिवार का ही नही बल्कि राज्य का भी नाम रोशन किया है। ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन द्वारा हालही में जारी की गई टेनिस रैंकिंग में सौम्या चौधरी ने अपनी कैटेगिरी में दूसरी रैंक हासिल की है । जिसकी बदौलत सौम्या का भारतीय टीम में सलेक्शन हुवा है । भारतीय टीम में शामिल सौम्या जल्द ही अपना पहला अंतराष्ट्रीय मुकाबला खेलने के लिए विदेश जाने वाली है , 26 से 30 मई तक पाकिस्तान के इस्लामाबाद में आयोजित होने वाली साउथ एशिया टेनिस चैंपियनशिप में सौम्या भारत का प्रतिनिधित्व करेगी । महज 7 वर्ष की उम्र से सौम्या ने अंतरराष्ट्रीय कोच सुमित गुप्ता की ट्रेनिंग में खेलना शुरू किया और ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पहली बार भाग लिया और क्वार्टर फाइनल तक पहुंची । यह प्रतियोगिता राजसमंद में आयोजित हुई थी, अथक परिश्रम और लगन की बदौलत सौम्या के खेल में निरंतर सुधार आता गया और उसने देश के कई नामी गरामी प्रतियोगिताओं में जीत का प्रथम लहराकर राजस्थान तथा अपने परिवार का नाम रोशन किया है। अपने शानदार प्रदर्शन के चलते सौम्या ने अपनी कैटेगरी में दूसरी रैंक हासिल की, अपनी अभूतपूर्व सफलता का श्रेय सौम्या ने अपने कोच सुमित गुप्ता, अपनी माँ तथा अपने परिवार को देती है।

के.एल. राहुल ने आईपीएल में पूरा किया छक्कों का दोहरा शतक

नई दिल्ली, 19 अप्रैल। गुजरात टाइटंस के खिलाफ दिल्ली के बल्लेबाज केएल राहुल ने तेज शुरुआत की, लेकिन वो बड़ी पारी खेलने से चूक गए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए राहुल ने मैदान पर आते ही चार्ज करना शुरू कर दिया, लेकिन एक यॉर्कर पर वो चूक गए और प्रसिद्ध कृष्णा ने उन्हें एलबीडब्ल्यू करते हुए पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। आईपीएल 2025 के 35वें लीग मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ दिल्ली के बल्लेबाज केएल राहुल ने तेज शुरुआत की, लेकिन वो बड़ी पारी खेलने से चूक गए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए राहुल ने मैदान पर आते ही चार्ज करना शुरू कर दिया, लेकिन एक यॉर्कर पर वो चूक गए और प्रसिद्ध कृष्णा ने उन्हें एलबीडब्ल्यू करते हुए पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। केएल राहुल ने इस मैच में यानी गुजरात के खिलाफ 14 गेंदों पर 28 रन की पारी 200.00 की स्ट्राइक रेट के साथ खेली। इस दौरान उन्होंने एक बेहतरीन छक्का और 4 चौके भी जड़े। राहुल ने इस एक छक्के के दम पर आईपीएल में छक्कों का दोहरा शतक यानी 200 छक्के भी पूरे किए। राहुल इस लीग में 200 छक्के लगाने वाले छठे भारतीय बल्लेबाज बने जबकि ओवरऑल वो ऐसा करने वाले 11वें प्लेयर बने। केएल राहुल आईपीएल में 200 छक्के लगाने वाले छठे भारतीय बल्लेबाज बने। इससे पहले रोहित, कोहली, धोनी, संजू और रैना ये कमाल क चुके हैं। रोहित इस लीग में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर हैं।

पांच दिवसीय दूसरा जयपुर ओपन क्लासिकल फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट 23 से जयपुर में

जयपुर, 19 अप्रैल। गुलाबी नगरी में पाँच दिवसीय जयपुर ओपन क्लासिकल फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट का दूसरा संस्करण 23 से 27 अप्रैल जयपुर क्लब में आयोजित होने जा रहा है। यह आयोजन वेव्स और जेएचडब्ल्यू (जयपुर हेल्थ एंड वैलनेस) की एक संयुक्त पहल है, जिसका उद्देश्य सभी आयु वर्ग के बीच मानसिक स्वास्थ्य और चेस जैसे प्राचीन खेल को रजास्थान में बढ़ावा देना है।

अपने सहयोग के बारे में बात करते हुए, जेएचडब्लू के संस्थापक और सीईओ, हिम्मत सिंह ने बताया कि, हेल्थ और वेलनेस की पहल में अग्रणी नाम जयपुर हेल्थ एंड वेलनेस, इस टूर्नामेंट के साथ पहले संस्करण से जुड़ा है। हमें ऐसी पहल में भागीदार होने पर गर्व है, जो स्वास्थ्य और बुद्धि दोनों को प्रभावित करता है। टूर्नामेंट का औपचारिक उद्घाटन राजस्थान की उपमुख्यमंत्री, दीया कुमारी द्वारा 23 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे जयपुर क्लब में किया जायेगा। इसके अलावा उद्घाटन समारोह में नारायण अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर, बलविंदर सिंह वालिया; केयर

हेल्थ इंश्योरेंस के रीजनल हैड, राहुल पचोरी; रॉयल जयपुर क्लब से रवि बजाज; मध्य प्रदेश से कैट के जोनल हेड, भूपेंद्र जैन; चेस महासंघों और स्वास्थ्य सेवा संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियां भी शामिल होंगे।

वेव्स के संस्थापक जयेंद्र चतुर्वेदी और अमरीश जोशी ने बताया कि, सह-आयोजक वेव्स, राजस्थान में शतरंज को लोकप्रिय बनाने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहे है। इस संस्करण में 4 से 84 साल के प्रतिभागी 20 राज्यों के लगभग 250 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है और पूरे भारत से लगभग 500 खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में शामिल होने आ रहे हैं।

इस टूर्नामेंट में 100 पुरस्कार दिए जाएंगे जिसकी कुल राशि 11.5 लाख है, जिससे जयपुर और पूरे राजस्थान में शतरंज के बारे में जागरूकता और उत्साह में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। टूर्नामेंट का क्लासिकल प्रारूप खिलाड़ियों को 90 मिनट 30 सेकंड खेलने का मौका देगा, जो सर्वश्रेष्ठ शतरंज कौशल के लिए आदर्श है। भाग ले रहे खिलाड़ियों में अरुण कटारिया फिडे मास्टर एंड टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी, एस के राठौर फिडे मास्टर; विनोद शर्मा और पंकज शर्मा, कैंडिडेट मास्टर्स; वेदिका पाल, वूमेन कैंडिडेट मास्टर; साथ ही 11 और एरिना टाइटल खिलाड़ी शामिल हैं।

जयपुर से पी आर हर्ष; मिलिंद गावड़े; पवन सैन; अर्पित सक्सेना; महेंद्र लखियानी; सिद्धांत चतुर्वेदी; रुद्रदामन मेड़तिया; भव्या गुप्ता और अर्णव गुप्ता भी भाग ले रहे हैं। जेएचडब्लू के सह-संस्थापक भूपेंद्र सिंह और आर.के. व्यास ने बताया कि नारायण अस्पताल टूर्नमेंट के मेडिकल पार्टनर, केयर हेल्थ इंश्योरेंस इस आयोजन के सहयोगी और साथ-साथ स्वास्थ्य बीमा पार्टनर भी है, जो इस बौद्धिक पहल के स्वास्थ्य और कल्याण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करता है। यह टूर्नामेंट न केवल एक शतरंज प्रतियोगिता है बल्कि यह दुनिया के सबसे पुराने और सबसे सम्मानित खेलों में से एक के माध्यम से मानसिक अनुशासन, सामुदायिक जुड़ाव और युवा सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने का आंदोलन है।